# बीएचईएल ने पश्चिम बंगाल में 2x660 मेगावाट रघुनाथपुर एसटीपीपी के लिए स्टीम जेनरेटर (बॉयलर) आइलैंड पैकेज का महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त किया

**नई दिल्ली, फरवरी 13**: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में 2x660 मेगावाट के रघुनाथपुर थर्मल पावर स्टेशन (टीपीएस) के चरण- II में सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित स्टीम जेनरेटर (बॉयलर) आइलैंड पैकेज स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त किया है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली (आईसीबी) के तहत दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) द्वारा बीएचईएल को यह ऑर्डर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि, बीएचईएल पहले से ही इस सुपरक्रिटिकल परियोजना के टर्बाइन एवं जेनरेटर पैकेज को निष्पादित कर रहा है।

इस परियोजना में, बीएचईएल के कार्य के दायरे में स्टीम जेनरेटर आइलैंड पैकेज और संबंधित सहायक उपकरणों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, इरेक्शन, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ इलेक्ट्रिकल, सिविल और संरचनात्मक कार्य भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बीएचईएल के दायरे में एसओएक्स उत्सर्जन नियंत्रण के लिए अत्यधिक कुशल उपकरणों की आपूर्ति भी शामिल है।

कंपनी ने देश भर में डीवीसी की 75% से अधिक कोयला आधारित बिजली उत्पादन क्षमता स्थापित की है, जो दोनों कंपनियों के बीच दशकों के सफल परस्पर सहयोग का प्रतीक है। गौरतलब है कि, इस वर्ष की शुरुआत में, बीएचईएल ने 2x800 मेगावाट कोडरमा कोयला-आधारित परियोजना की ईपीसी आधार पर स्थापना के लिए, अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के तहत एक और ऑर्डर प्राप्त किया था।

भारत के अग्रणी बिजली उपकरण निर्माता के रूप में, देश भर में 1,70,000 मेगावाट से अधिक यूटिलिटी विद्युत क्षमता स्थापित करने के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, बीएचईएल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करने और पावर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के देश के लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

*****